EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

ग्वालियर

जीवाजी क्लब: अध्यक्ष पद पर राजू कुकरेजा व डा. नीरज कौल के नाम मजबूती में

प्रकाशित तिथि: 23 Oct 2026



- अन्य में डा. ओपी गुप्ता, अमृत माहेश्वरी, अजय गर्ग बाबी के नाम चर्चा में

ग्वालियर। जीवाजी क्लब ग्वालियर के चुनावों की दुदुंभी बज चुकी है। चुनाव 20 दसिंबर को प्रस्तावति हैं, दीपावली के आसपास नामांकन प्रक्रयिा शुरू हो सकती है। लेकनि जीवाजी क्लब के दावेदारों में अभी से सक्रयिता बढ़ गई है, रोज क्लब के वभिन्नि कक्षों में बैठकें चल रही है। नये नये नाम सामने आ रहे हैं। अभी सबसे ज्यादा कशमकश अध्यक्ष पद के नामों को लेकर हैं।

अध्यक्ष पद पर अभी जो दो सर्वाधकि सशक्त नाम टाप 2 में सामने आये हैं उनमें राजू कुकरेजा व डा. नीरज कौल के नाम हैं। इन दोनों नामों पर ही जीवाजी क्लब की वर्तमान टीम व पूर्व पदाधकिारी सहमत है।

कारण यह है कि यह दोनों राजू कुकरेजा व डा. नीरज कौल जाने माने चर्चित नाम है, जिन पर क्लब के सदस्यों का अगाध भरोसा भी है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि यह दोनों मित्र भी है और अध्यक्ष पद पर ही दोनों लड़ना चाहते हैं।

राजू कुकरेजाः अब राजू कुकरेजा की बात करें तो एमएलबी कालेज के छात्र रहे राजू कुकरेजा का व्यापक नेटवर्क है, मित्रों की लंबी लिस्ट है और वर्तमान अध्यक्ष राजू सेठ के साथ उनकी बेहद अच्छी यारी भी है। जीवाजी क्लब में वह इतने लोकप्रिय है कि वह एक बार सचिव व दो बार क्लब के सफल अध्यक्ष रह चुके हैं। अध्यक्ष पद पर वह एक बार र्निविरोध व एक बार सबसे ज्यादा मतों से जीते थे। उनके सर्वाधिक मतों के कारण दूसरे प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त हो गई थी। राजू कुकरेजा का इस संदर्भ में कहना है कि वह मित्रों से चर्चा के बाद चुनाव के लिये तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जीवाजी क्लब में काम बोलता है, वह जब भी पद पर रहे उन्होंने सबके लिये उदारमन से कार्य किया। किसी से भेदभाव नहीं किया। जीवाजी क्लब में भी उन्होंने काफी कार्य कराये जो सबके सामने हैं।

डा. नीरज कौलः डा. नीरज कौल पेशे से चिकित्सक है और उनके परिवार का सामाजिक दायरा बहुत विस्तृत है, जिस कारण क्लब में उनका अपना प्रभाव है। क्लब के बेहतर लोगों में उनकी गिनिती होती हैं। डा. नीरज कौल पहले जीवाजी क्लब में सचिव का उल्लेखनीय कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। वह इस बार अध्यक्ष पद पर लड़ने की मंशा लिये है। लेकिन यह भी बात तय है कि राजू कुकरेजा व डा. नीरज कौल आपस में बेहतर मित्र है और दोनों में से कोई एक ही चुनाव लड़ेगा। डा. नीरज कौल से इस संवाददाता ने फोन पर चुनाव लड़ने की बात पूछी तो उन्होंने कहा देखिये आगे आगे होता है क्या? उनका कहना था कि अपने मित्रों की सलाह से ही वह आगे बढ़ेंगे।

अन्य दावेदारों में ओपी गुप्ता, अमृत माहेश्वरी व अजय गर्ग बाबी के नाम उभरे

अध्यक्ष पद के लिये अन्य दावेदारों में डा. ओपी गुप्ता शांता नर्सिग होम, जमीन कारोबारी अमृत माहेश्वरी

व अजय गर्ग बाबी के नाम सामने आये हैं। हालांकि डा. ओपी गुप्ता व जमीन कारोबारी अमृत माहेश्वरी कभी जीवाजी क्लब में विशेष सक्रिय नहीं रहे है और सामाजिक स्तर पर भी वह कोई विशेष कार्य नहीं कर सके हैं, जिस कारण इनका दायरा सीमित हैं। अमृत माहेश्वरी तो जमीन कारोबार के सिलसिले में इंदौर ही शिफ्ट हो गये थे। अब वह ग्वालियर आकर जीवाजी क्लब के अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, ताकि अध्यक्ष बनकर शान ए जलवा कायम कर सकें।

इसी क्रम में सचिव पद पर चुनाव हारे अजय गर्ग बाबी भी अध्यक्ष पद को लालीपाप समझकर चुनावी सपना देख रहे हैं। एक बार वह सहसचिव रह चुके है। लेकिन क्लब के सदस्यों के साथ उन्हें सहज मेलजोल बढ़ाना होगा, तभी वह चुनाव की वैतरणी निकाल पायेंगे वैसे भी जीवाजी क्लब के चुनाव दिल जीतकर ही जीते जा सकते हैं।

टैग: #jiwaji club | #elections 2026 | #dr neeraj kaul | #raju kukreja

---